मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान और गुजरात दौरे पर, दोनों राज्यों को देंगे करीब 1 लाख करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट, ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज से दो दिवसीय प्रदेश दौरे पर, इंदौर में करेंगे बीएलओ कॉन्फ्रेंस को संबोधित
- प्रदेश में देर रात 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले, शहडोल और शाजापुर सहित कई जिलों में बदले गए एसपी

**पीएम- गुजरात दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान और गुजरात के दौरे पर रहेंगे। यहां वे दोनों राज्यों को करीब 1 लाख करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वे जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे और संशोधित उड़ान योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत 100 नए एयरोड्रोम विकसित किए जाएंगे। इसके बाद बालोतरा के पचपदरा में देश की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड रिफाइनरी-कम-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिस पर करीब 80 हजार रुपए से अधिक का निवेश हुआ है। प्रधानमंत्री जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे और राजस्थान सरकार में भर्ती हुए करीब 54 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। शाम को वे गुजरात के साणंद पहुंचेंगे, जहां 7 हजार 500

करोड़ रुपए की लागत से बनी सीजी सेमी ओएसएटी सेमीकंडक्टर सुविधा का उद्घाटन करेंगे।

**पीएम- विदेश दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 से 11 जुलाई तक इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा करेंगे। वे पहले इंडोनेशिया में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात करेंगे, इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ के साथ द्विपक्षीय वार्ता और सीईओ फोरम में शामिल होंगे। यात्रा के अंतिम चरण में वे न्यूजीलैंड की राजकीय यात्रा करेंगे, जो चार दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली न्यूजीलैंड यात्रा होगी। इस दौरान वे तीनों देशों में भारतीय प्रवासी समुदाय को भी संबोधित करेंगे।

**अमित शाह समीक्षा**

गृहमंत्री अमित शाह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अल नीनो के कारण कुछ हिस्सों में कम वर्षा की स्थिति की समीक्षा बैठक की। श्री शाह ने कृषि मंत्रालय को राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर किसानों को उपयुक्त फसलों की सलाह देने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग को जल भंडारों की निगरानी और विद्युत मंत्रालय को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

**सीएम- जर्मनी प्रतिनिधिमंडल मुलाकात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कल जर्मनी के 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। इस दौरान ऊर्जा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्मनी के सहयोग से प्रदेश एक ऊर्जा दक्ष, हरित और समृद्ध राज्य बनेगा। केएफडब्ल्यू बैंक ने बताया कि एनर्जी रिफार्म प्रोग्राम के तहत स्मार्ट मीटर स्थापना के लिए करीब 1120 करोड़ रुपये का वित्त पोषण किया जा रहा है। बैंक ने फेज-2 के तहत विद्युत वितरण अधोसंरचना के लिए करीब 2200 करोड़ रुपए के वित्तीय सहयोग में भी रुचि दिखाई है।

**प्रदेश दौरा- निर्वाचन आयुक्त**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज से दो दिवसीय प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। पदभार संभालने के बाद यह उनका पहला प्रदेश दौरा है। पहले दिन वे इंदौर में लता मंगेशकर सभागृह में आयोजित बीएलओ कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे और पांच जिलों के 1,500 से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों से संवाद करेंगे। इसके बाद वे ओंकारेश्वर और महेश्वर के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे।

**आईपीएस तबादला**

राज्य सरकार ने देर रात 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं, जिनमें शहडोल और शाजापुर के पुलिस अधीक्षक भी बदले गए हैं। संजय कुमार अग्रवाल को शहडोल और प्रियंका शुक्ला को शाजापुर का नया एसपी बनाया

गया है। सागर, नर्मदापुरम और भोपाल ग्रामीण में भी नए आईजी की पदस्थापना की गई है, जिसमें मिथिलेश शुक्ला को सागर रेंज और चंद्रशेखर सोलंकी को नर्मदापुरम जोन का आईजी बनाया गया है। वहीं रुचि वर्धन मिश्रा को आईजी ग्रामीण जोन भोपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**चैतन्य कश्यप- ट्रेड मीटिंग**

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप ने कल नई दिल्ली में बोर्ड ऑफ ट्रेड की बैठक में शिरकत की। उन्होंने कहा कि भारत को 2030-31 तक दो ट्रिलियन डॉलर निर्यात लक्ष्य तक पहुंचाने में प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में देश का पहला पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जा रहा है, जहां 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौते हो चुके हैं। मंत्री ने इंदौर में टेक्सटाइल टेस्टिंग फैसिलिटी और जबलपुर-रीवा में नए आईसीडी स्थापित करने का अनुरोध भी किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए 13 स्थानों पर करीब 12 हजार एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है।

**सीएम- कृषक बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की। डॉ. यादव ने कहा कि किसानों का कल्याण राज्य सरकार का कर्तव्य है और इसी उद्देश्य से वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। उन्होंने सहकारी समितियों की प्रक्रियाओं का डिजिटलाइजेशन करने

के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ऑनलाइन किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल और ई-पासबुक सुविधा का शुभारंभ जुलाई माह में ही किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों में बलराम कृषि महोत्सव और संभागीय मुख्यालयों पर फूड फेस्टिवल आयोजित किए जाएंगे।

**दिग्विजय सिंह- राम मंदिर**

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर निर्माण में चंदे की कथित अनियमितताओं को लेकर 2 अक्टूबर से उज्जैन के महाकाल मंदिर से अयोध्या तक करीब 1000 किलोमीटर की पदयात्रा करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरी तरह गैर-राजनीतिक होगी और इस दौरान वे किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

**बालाघाट बाढ़**

बालाघाट जिले के किरनापुर थाना क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाके में फंसे 16 ग्रामीणों को पुलिस, एसडीआरएफ और हॉक फोर्स के संयुक्त अभियान से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। मूसलाधार बारिश के कारण ग्राम भानपुर में खेत में गए ग्रामीण अचानक बढ़ते जलस्तर से चारों ओर से घिर गए थे। समय पर की गई कार्रवाई से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

**मौसम**

प्रदेश के 19 जिलों में आज अति भारी या भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बड़वानी और खंडवा में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। रतलाम, उज्जैन, झाबुआ, धार सहित कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट है, जबकि इंदौर, देवास और सीहोर में भारी बारिश का अनुमान है।

**क्रिकेट**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी 20 श्रृंखला का दूसरा मैच आज मैनचेस्टर में भारतीय समय अनुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। पहला मैच चेस्टर-ले-स्ट्रीट में बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। श्रृंखला का तीसरा मैच 7 जुलाई को नॉटिंघम में और अंतिम दो मैच ब्रिस्टल व साउथेम्प्टन में खेले जाएंगे। इसके बाद भारत, इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला भी खेलेगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके आज **छिंदवाड़ा** पहुंचेंगे। वे जिले में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों और बैठक में सहभागिता करेंगे।
2- प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेद्र शुक्ल आज **कटनी** जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।
3- 'सेफ क्लिक अभियान 2.0' के तहत **इंदौर** जिले के मानपुर में पुलिस ने कल शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।
4- वही **मंदसौर** पुलिस एसपी विनोद कुमार मीना ने भी कल साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
5- सार्थक ऐप में चिकित्सकों एवं स्टाफ द्वारा नियम विरुद्ध अटेंडेंस लगाने की

गड़बड़ी पाए जाने पर सीएमएचओ **भोपाल** ने कार्यवाही की है।

6- **आगरमालवा** जिले में आयोजित रोजगार मेले में 62 शिक्षित बेरोजगार युवाओं का रोजगार हेतु प्रारंभिक चयन किया गया।

7- मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत **सतना** जिले के 262 श्रद्धालुओं को लेकर विशेष ट्रेन कल हरिद्वार-ऋषिकेश के लिए रवाना की गई।

8- **शिवपुरी** जिले के कोलारस बीट सनवारा में वन विभाग द्वारा वन भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान अवैध जुताई में प्रयुक्त दो ट्रैक्टर एवं दो कल्टीवेटर जब्त कर संबंधित पर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया।

9- देवास के खिवनी अभयारण्य में आपसी संघर्ष में घायल हुए नर बाघ 'युवराज' का भोपाल के वन विहार रेस्क्यू सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार किया जा रहा है। जांच में बाघ के आगे के दोनों पैरों में फ्रैक्चर और पिछले बाएं पैर में गहरा घाव पाया गया, जिस पर छह टांके लगाए गए हैं।